RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 15 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 273 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई के बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति पूरी तरह से बंद!



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## सीएम देवेंद्र फडणवीस का ऐलान

## पानीपत में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा होगी स्थापित...





**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस 14 जनवरी हरियाणा के पानीपत में शौर्य दिवस कार्यक्रम में शरीक हुए और कहा कि हमारी सरकार पानीपत में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करेगी. उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों से अधिग्रहित की गई जमीन का समय पर मुआवजा दिया जाएगा.**

रिपोर्ट के मुताबिक देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''पानीपत की शौर्य भूमि पर शौर्य के प्रतीक के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित करेंगे, ऐसा संकल्प मैं करता हूं. किसानों ने शौर्य स्मारक के लिए आवश्यक भूमि के विस्तार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिन किसानों को जमीन के लिए अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनको महाराष्ट्र सरकार द्वारा उचित मूल्य दिया जाएगा.''

**अगले शौर्य दिवस पर सीएम सैनी को देंगे न्योता - फडणवीस**

फडणवीस ने कहा, '' शौर्य भूमि के शौर्य का गुण हमने लिया. हमारी धमनियों में उनका शौर्य दौड़ता है ऐसे छत्रपति महाराज की प्रतिमा इस भूमि में होनी चाहिए. इसके लिए हम भारत सरकार से उसके लिए जो भी करना पड़े करेंगे. मैं आपको यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले शौर्य दिवस पर हरियाणा के सीएम को निमंत्रण देंगे और निवेदन करेंगे कि नायब सिंह सैनी जी उपस्थित रहें. निवेदन करेंगे तो अगले कार्यक्रम में वह भी रहेंगे.''

## कोस्टल रोड के किनारे अमरसंस पार्क के पास भूमिगत पार्किंग बनाने की परियोजना रद्द



**मुंबई :** कोस्टल रोड के किनारे अमरसंस पार्क के पास भूमिगत पार्किंग बनाने की परियोजना को मनपा प्रशासन ने आखिरकार रद्द कर दिया है। ब्रीच कैंडी के रहवासियों के संगठन ने यहां पार्किंग निर्माण का कड़ा विरोध किया था। इस विरोध के सामने प्रशासन ने आखिरकार अपने कदम पीछे खींच लिए। हालांकि, इस स्थान पर बड़े पैमाने पर खुदाई के बाद अब परियोजना रद्द होने से ठेकेदार को परियोजना का खर्च उठाना पड़ेगा। नतीजतन, परियोजना रद्द होने से मनपा को भारी नुकसान होगा।

प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर तक कोस्टल रोड 10.58 किलोमीटर लंबी है। फिलहाल इस परियोजना का 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस परियोजना के लिए समुद्र को भरकर जमीन तैयार की गई है। इस भरण भूमि में से 25 से 30 फीसदी क्षेत्र कोस्टल रोड के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया गया है। जबकि शेष 70 से 75 फीसदी क्षेत्र यानी 53 हेक्टेयर में हरित क्षेत्र और नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें शौचालय, जॉगिंग ट्रैक, साइकिल ट्रैक, बटरफ्लाई गार्डन, मरीन वॉकवे, ओपन थिएटर, बच्चों के लिए पार्क और खेल के मैदान, पुलिस चौकी, बस स्टॉप, सड़क पार करने के लिए भूमिगत रास्ते, जेटी आदि शामिल होंगे। इसके अलावा, वर्ली, हाजी अली और अमरसन उद्यान नामक तीन स्थानों पर चार भूमिगत पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। इन पार्किंग स्थलों की क्षमता 1,856 वाहनों की होगी। हालांकि, इन पार्किंग स्थलों के बनने से पहले ही ब्रीच कैंडी क्षेत्र के निवासियों ने अमरसन पार्क में पार्किंग स्थल का विरोध किया था। दिसंबर में यहां के निवासियों ने नगर आयुक्त भूषण गगरानी से मुलाकात भी की थी।

## मुंबई : मनोरंजन कंपनी के मालिक के खिलाफ सहार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज...



**मुंबई :** नए साल की पूर्व संध्या पर एयरपोर्ट के पास एक पांच सितारा होटल में पार्टी आयोजित करने और 1.25 करोड़ रुपये का कर्ज लेने वाली एक मनोरंजन कंपनी के मालिक के खिलाफ सहार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। सहार पुलिस को शिकायत मिली थी कि शिकायतकर्ता ने 1.38 करोड़ रुपये का भुगतान न करके होटल को धोखा दिया है। अंधेरी ईस्ट के एक पांच सितारा होटल में हर साल नए साल की पूर्व संध्या पर एक पार्टी का आयोजन किया जाता है। इसका आयोजन एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी करती है। तदनुसार, एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक ने अक्टूबर 2024 में होटल के महाप्रबंधक से मुलाकात की। इस मामले पर कई बार चर्चा हुई। अंत में, 20 दिसंबर को होटल और कंपनी के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अनुसार, होटल को नए साल के कार्यक्रम के लिए जगह, भोजन, शराब, सुरक्षा और लाइसेंस प्रदान करना था। बदले में, होटल ने 1 करोड़ 78 हजार रुपये का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की, शिकायत में कहा गया है। शिकायत में कहा गया है कि इस पार्टी के लिए कलाकारों, उत्पादन और टिकट बिक्री के लिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी जिम्मेदार थी।

## अटल सेतु पर 56000 वाहनों का था अनुमान, रोज चल रहे महज 22689 वाहन, एमएमआरडीए ने जारी की रिपोर्ट



**मुंबई :** भारत के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु पर प्रतिदिन 23,000 से भी कम वाहनों का औसत आवागमन दर्ज किया गया, जबकि आरंभ में अटल सेतु से प्रतिदिन 56,000 से अधिक वाहनों के आवागमन का अनुमान जताया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साल पहले 12 जनवरी, 2024 को लगभग 22 किलोमीटर लंबे इस पुल का उद्घाटन किया था, जो मुंबई के शिवड़ी को नवी मुंबई के चिर्ले से जोड़ता है। यह पुल महाराष्ट्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना के पूरा होने का प्रतीक है। लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु' भारत का सबसे लंबा पुल है और देश में समुद्र पर बनी सबसे लंबी संरचना भी है।

**पिछले साल गुजरे 83,06,009 वाहन**

विज्ञप्ति में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने कहा कि अटल सेतु (पूर्व में मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक या एमटीएचएल) आधुनिक बुनियादी ढांचे, सुरक्षा और दक्षता के प्रतीक के रूप में उभर रहा है। सरकार के संचालित एजेंसी ने कहा कि ठाणे खाड़ी के ऊपर बने इस पुल ने पिछले वर्ष 83,06,009 वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाया। इसने मुंबई और नवी मुंबई के बीच सुगम एवं तेज यातायात में महत्वपूर्ण योगदान मिला। एमएमआरडीए की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 तक (इस संरचना का उद्घाटन काफी देर बाद किया गया था) औसतन 57,525 वाहन प्रतिदिन इस पुल का उपयोग करेंगे और 2031 तक यह संख्या 88,550 हो जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उद्घाटन के बाद 14 जनवरी, 2024 को लोगों के उपयोग के लिए खोले जाने के ठीक बाद एक दिन में 61,807 वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई जबकि बाद में पुल पर दैनिक 22,689 वाहनों की औसत आवाजाही देखी गई। समुद्र पर लगभग 16.5 किलोमीटर और जमीन पर 5.5 किलोमीटर की लंबाई वाला छह लेन का यह पुल मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (इस वर्ष के अंत में चालू होने की उम्मीद) के बीच तेज संपर्क प्रदान करेगा।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बीबीएन की मिट्टी से आशा...

हिमाचल के औद्योगिक परिदृश्य को समझने, निखारने और आर्थिक परिस्थिति को जांचने के लिए बीबीएन एक मॉडल सरीखा है। यह कितना सफल, कितना विफल या कितनी उम्मीदों से भरी संभावना का कलश है, इसके ऊपर बहस और समाधान संभव हैं, लेकिन इस बीच अच्छी खबर यह है कि बीबीएन विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक मिट्टी का स्वामित्व धारण करने की इच्छा प्रकट की है। अथारिटी औद्योगिक संरचना में अपना रुतबा बढ़ाने के लिए यह अधिकार चाहती है कि उसे इंडस्ट्रियल प्लॉट निर्माण और आबंटन की शक्तियां मिलनी चाहिएं। इससे पहले प्राधिकरण को आवासीय क्षेत्र में आगे बढ़ के स्वतंत्र अधिकार मिले हैं और अगर औद्योगिक निर्माण से जुड़े कार्य भी इसके कार्यक्षेत्र में आते हैं, तो यह औद्योगिक शहर के भविष्य की परिकल्पना में एक क्रांतिकारी कदम होगा। दरअसल बीबीएन क्षेत्र का उदय जिस परिकल्पना को साकार कर सकता था, उसके लक्ष्यों में अभी भी खोट है। दरअसल यह क्षेत्र औद्योगिक पैकेज का सारांश बनकर आज भी अपनी क्षमता, संभावना और आर्थिक संपन्नता से महफूज है, क्योंकि योजनाबद्ध विकास की दृष्टि से कई रिसाव अब सताते हैं। अगर हमने बीबीएन की मिट्टी से हिमाचल की आर्थिकी का शृंगार करना हो, तो शिखर पर एक ही एजेंसी को जवाबदेह बनाना पड़ेगा। देर से ही सही, लेकिन बीबीएन विकास प्राधिकरण के गठन से आर्थिक व शहरी महत्त्वाकांक्षा के सपने बड़े व व्यापक ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। बीबीएन ने क्या खोया या पाया, इसकी समीक्षा के साथ-साथ इस क्षेत्र की संभावना व क्षमता के रिसाव को रोकने की एक विस्तृत योजना चाहिए, जिसे विकास प्राधिकरण जैसी स्वतंत्र संस्था पूरा कर सकती है। हमने केंद्र के औद्योगिक पैकेज से बीबीएन की महफिल सजा तो ली, लेकिन इसके परिणामों का दोहन नहीं कर सके। जो उद्योग शुरू हुए, वे भी अपने वित्तीय व कर लाभ की पैमाइश बन कर रह गए या अगंभीर प्रयासों की खेती में कई फसली बटेर पलायन कर गए। आखिर बीबीएन है कितने कैरेट का। हम अगर बीबीएन को प्रदेश की आर्थिक राजधानी का दर्जा दें, तो यह हिमाचल का न केवल सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र, बल्कि ऐसा शहर बनकर उभर सकता है जहां चंडीगढ़-मोहाली की समीपता से कई तरह से आर्थिक लाभ अर्जित होंगे। करीब पांच लाख बाशिंदों के घनत्व में बीबीएन की सुबह और बीबीएन की रात का उल्लेख मिलता है। यह दीगर है कि यह देश का ऐसा शहर है जो रात्रि पलायन कर जाता है और शेष रह जाता है एक ऐसा निम्न वर्ग जो शहरीकरण की उद्दंडता में निरंतर छलनी होता है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई के बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति पूरी तरह से बंद!

# बीएमसी पर 48 आपूर्तिकताओं का लगभग 120 करोड़ रुपये का बकाया



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के 27 बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति पूरी तरह से बंद कर दी गई है। चिंता की बात यह है कि सिर्फ तीन-चार दिन का ही स्टॉक बचा हुआ है, जिसके बाद मरीजों को दवाओं की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। ऑल फूड एंड ड्रग लाइसेंस होल्डर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष अभय पांडेय ने बताया कि बीएमसी पर 48 आपूर्तिकताओं का लगभग 120 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक बीएमसी सभी बकाया भुगतान नहीं कर देती, तब तक दवाओं की आपूर्ति बंद रहेगी।

अभय पांडेय ने आईएएनएस से कहा, ''हमारे संगठन ऑल फूड्स एंड ड्रग्स लाइसेंस होल्डर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में मैं यह बताना चाहता हूं कि हमारे सप्लायरों का बीएमसी पर 120 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) और विजिलेंस डिपॉजिट भी शामिल हैं। इसके अलावा, हमारी नियमित आपूर्ति का पैसा पिछले छह महीने से लंबित है। इस कारण से हम सभी ने एक बैठक की और फैसला लिया कि जब तक हमें हमारे बकाया पैसे नहीं मिलते, हम बीएमसी के 27 अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति रोक देंगे।''

उन्होंने कहा, ''हमारी संस्था के 150 से अधिक सदस्य हैं, जो बीएमसी को दवाओं की आपूर्ति करते हैं, जिनमें से 48 से अधिक लोग ऐसे हैं जिनके बड़े बकाए लंबे समय से बाकी हैं। इनमें बांद्रा और कुर्ला के कई अस्पताल शामिल हैं। बीएमसी ने हमें आश्वासन दिया है कि भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और अगले एक सप्ताह में बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''हमने बीएमसी से कहा है कि वह हमें एक लिखित आश्वासन दें, ताकि हम इस पर विचार कर सकें। बीएमसी ने हमें कहा कि अगर भुगतान प्रक्रिया शुरू हो गई है तो हम अपनी आपूर्ति फिर से शुरू कर सकते हैं। हम सकारात्मक हैं और आशा करते हैं कि बीएमसी हमें जल्द से जल्द भुगतान करेगा, ताकि हम अपनी आपूर्ति फिर से शुरू कर सकें।'' उन्होंने कहा कि वर्तमान में आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। हम नहीं चाहते कि किसी मरीज को कठिनाई का सामना करना पड़े। हमारी संस्था की प्राथमिकता हमेशा मरीजों की भलाई रही है, लेकिन जब भुगतान नहीं होता है, तो हमें यह कठोर निर्णय लेना पड़ता है। पिछले चार साल से हमारे पैसे फंसे हुए हैं और नियमित आपूर्ति के लिए भी तीन से छह महीने से भुगतान लंबित है। हमने विभिन्न स्तरों पर प्रयास किया है, लेकिन जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तब यह कदम उठाना पड़ा। हम आशा करते हैं कि जल्द ही हमें भुगतान मिल जाएगा। अगर यह स्थिति बनी रही तो हम और विकल्प तलाशेंगे।

## मुंबई में 11 जुलाई 2006 को लोकल ट्रेन में सात विस्फोट मामले के दोषियों ने उच्च न्यायालय में सजा को चुनौती दी



**मुंबईः** मुंबई में 11 जुलाई 2006 को पश्चिमी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर लोकल ट्रेन में सात विस्फोट हुए थे जिनमें 180 से अधिक लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में अदालत ने 12 आरोपियों को दोषी ठहराया था। इसके बाद दोषियों ने इस फैसले को चुनौती देते हुए बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। बंबई उच्च न्यायालय की विशेष पीठ पिछले पांच महीनों से विस्फोट मामले से संबंधित अपीलों पर दिन-प्रतिदिन सुनवाई कर रही है। बंबई उच्च न्यायालय में सोमवार को एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि 11 जुलाई 2006 को लोकल ट्रेन में हुए विस्फोट के मामले के आरोपी निर्दोष होने के बावजूद पिछले 18 वर्षों से जेल में बंद हैं। वरिष्ठ वकील ने उच्च न्यायालय से दोषियों को बरी करने तथा उनकी दोषसिद्धि को रद्द करने की अपील की।

न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चंडाक की विशेष पीठ के सामने उम्रकैद के दो सजायाफ्ता मुजरिमों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर ने एक ऐसे चलन का आरोप लगाया जहां आतंकवाद संबंधी मामलों की जांच करते हुए जांच एजेंसियां 'सांप्रदायिक पक्षपात' दशार्ती हैं।

**मामले में 12 आरोपियों को ठहराया था दोषी**

सितंबर 2015 में अधीनस्थ अदालत ने 12 आरोपियों को दोषी ठहराया था तथा उनमें से 5 आरोपियों को मृत्युदंड एवं 7 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने मृत्युदंड की पुष्टि के लिए बंबई उच्च न्यायालय में अपील दायर की। दोषियों ने भी अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देते हुए अपील दायर की। मुरलीधर ने विशेष पीठ के समक्ष कहा कि ''जांच में पक्षपात है। निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया जाता है और कई सालों बाद सबूतों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया जाता है। इसका मतलब है कि उनके जीवन के बीत गये समय को लौटाया जाना संभव नहीं है।'' याचिका में आरोप लगाया कि जांच एजेंसी राज्य आतंकवाद निरोधक दस्ते (अळर) ने आरोपियों को प्रताड़ित करके उनसे इकबालिया बयान दर्ज करवाए हैं। मुरलीधर ने कह कि ''18 साल से ये आरोपी जेल में हैं। तब से वे एक दिन के लिए भी बाहर नहीं निकले हैं। उनके जीवन का अधिकांश हिस्सा खत्म हो चुका है।'' उन्होंने दलील दी कि जनाक्रोश वाले मामलों में जांच एजेंसी यह मानकर जांच करती है कि आरोपी दोषी हैं।

## परीक्षा केंद्रों पर गलत समय पर विभिन्न निर्देश दिए गए, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति




**मुंबई :** मुंबई विश्वविद्यालय दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई, जिसे पहले आइडल के नाम से जाना जाता था) की परीक्षा शुरू हो रही है। हालांकि, स्नातकोत्तर स्तर के एम.ए., एम.कॉम. और एम.एससी. पाठ्यक्रमों के कुछ छात्रों को उनके हॉल टिकट नहीं मिले हैं, जबकि कुछ छात्रों को सोमवार देर रात उनके हॉल टिकट मिले हैं। इस कुव्यवस्था के कारण सुबह 10.30 से 10.30 बजे के बीच परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्था रही और छात्रों में असमंजस की स्थिति रही। साथ ही, बैठने की व्यवस्था के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी और परीक्षा केंद्रों पर गलत समय पर विभिन्न निर्देश दिए गए, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति रही।

इस बीच, मुंबई विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि एडमिट कार्ड छात्र लॉगिन और ह्यसीडीओईह्ण के आधिकारिक टेलीग्राम अकाउंट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

# मुंबई में नकली नोट छापने के आरोप में चार गिरफ्तार

## 200, 500 रुपये के नकली नोट बरामद



**मुंबई :** भायखला पुलिस ने चार लोगों को फर्जी नोट छापने के मामले में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के 200 नकली नोट बरामद की है, जिसकी कुल वैल्यू एक लाख रुपये है. भायखला पुलिस के सीनियर पी चिमाजी अढाव ने बताया कि जानकारी मिली थी कि भायखला इलाके में स्थित एक पान की दुकान पर कुछ लोग नकली नोट की डिलीवरी देने के लिए आने वाले हैं. इसकी जानकारी मिलने के बाद हमने वहां पर ट्रैप लगाया और तीन लोगों को हिरासत में लिया जिसमें से दो लोग नकली नोट की डिलीवरी पान शॉप के मालिक को देने आए थे.

**डिलीवरी देने के लिए पहुंचे थे पान की दुकान पर**

आढाव ने आगे बताया कि उमरान उर्फ आतिफ बलबले और यासिर शेख नकली नोट की डिलीवरी देने के लिए पान शॉप चलाने वाले आरोपी भीम बड़ेला के पास आये थे. इनकी पूछताछ के दौरान चौथे आरोपी की जानकारी मिली जिसके बाद हमने नीरज वखंडे नाम के आरोपी को हिरासत में लिया जिसकी पालघर के वाडा इलाके में प्रॉपर्टी है वहीं पर ये लोग नकली नोट छापने का काम करते थे. पुलिस ने वहां से प्रिंटिंग मशीन,सॉफ्ट पेपर, फेक नोट डिटेक्शन मशीन जब्त की है. पुलिस ने बताया कि वहां से हमें कुछ डिस्कार्ड किए हुए नोट भी मिले इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन आरोपियों ने नोट छापे और फिर उसकी जांच की फिर शायद उसकी क्वालिटी जैसी होनी चाहिए वैसे ना होने पर उसे फाड़ कर फेंक दिया होगा.

**पुलिस को बताया मार्केट में चला चुके हैं कितने फेक नोट**

आढावा ने बताया कि बरामद नोटों की क्वालिटी अच्छी थी जिसे आसानी से पहचानना थोड़ा मुश्किल सा लग रहा है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इसके पहले उन्होंने 3 बार नकली नोटों की डिलीवरी की है पहली खेप में 40 हजार रुपये फिर 60 हजार रुपये और फिर एक लाख रुपये आरोपी यह चौथी बार एक लाख की डिलीवरी करने जा रहे थे जब उन्हें गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अब तक 2 लाख रुपये के नकली नोट खर्च कर दिए हैं जो कि मार्केट में सर्कुटल हो चुके हैं. आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि एक लाख रुपये की फर्जी नोट के लिए 50 हजार रुपये असली नोट यह गैंग लेता था. आरोपियों में फर्जी नोट से शॉपिंग भी की है और असली बताकर कई लोगों को असली नोट की गड्डी में मिलाकर दी है.

# मुंबई : रुपया करीब दो साल में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट के साथ 86.70 डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर



**मुंबई :** रुपया करीब दो साल में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट के साथ 86.70 डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया 66 पैसे की गिरावट के साथ 86.70 डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 पर खुला और दिन के कारोबार में 1 पैसे की तेजी के साथ 86.11 पर बंद हुआ। अंत में यह 66 पैसे की गिरावट के साथ 86.70 डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। एक सत्र में 66 पैसे की गिरावट 6 फरवरी, 2023 के बाद सबसे बड़ी गिरावट थी, जब रुपया 68 पैसे गिरा था। 30 दिसंबर को 85.52 के बंद स्तर से पिछले दो हफ्तों में भारतीय मुद्रा में 1 रुपये से अधिक की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है।

रुपये ने 19 दिसंबर, 2024 को पहली बार 85-प्रति-डॉलर के निशान को पार किया था। शुक्रवार को स्थानीय मुद्रा 5 पैसे की मामूली बढ़त दर्ज करने के एक दिन बाद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे गिरकर 86.04 पर बंद हुई थी। मंगलवार और बुधवार को पिछले दो सत्रों में इसमें क्रमशः 6 पैसे और 17 पैसे की गिरावट आई थी। अभूतपूर्व गिरावट का कारण निवेशकों द्वारा अमेरिकी डॉलर की लगातार खोजबीन करना था, जिसके कारण भारतीय इक्विटी से विदेशी पूंजी की भारी निकासी भी हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,892.84 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ने घटते विदेशी मुद्रा भंडार और उभरते बाजारों की मुद्राओं में गिरावट के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट की अनुमति दी है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, ''आरबीआई कमजोरी की अनुमति देगा क्योंकि मांग बढ़ती जा रही है और आपूर्ति कम हो रही है।''

# वाशी में भीषण सड़क हादसा; दो लड़कियों की मौत




**नवी मुंबई :** वाशी में भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो लड़कियों की जान चली गई। यह सड़क हादसा जिस सीसीटीवी में कैद हुआ उसका वीडियो सामने आया है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक कार कैसे लड़कियों को टक्कर मारती हुई निकल जाती है। हादसा कितना खतरनाक था कि इसका अंदाजा कार की टक्कर को देखकर लगाया जा सकता है।

नवी मुंबई वाशी के कोपरी सिग्नल के पास अचानक यह हादसा हुआ। दरअसल, एक कार ने स्कूटी से जा रही दो लड़कियों को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, दूसरी लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी भी मौत हो गई। मरने वाली लड़कियों की उम्र 22 और 19 साल थी। 22 साल की संस्कृति खोखले कामोठे में रहती थी, तो 19 साल की अंजलि पांडे का घर कोपरखैरणे में है। हादसे वाली जगह के सामने लगे एक सीसीटीवी का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले कुछ देर तक बसें और कारें सड़क से गुजर रही हैं। सड़क की दूसरी लेन में एक तेज रफ्तार कार आती दिख रही है, जिसके सामने से स्कूटी सवार लड़कियां भी आ रही हैं। इसी दौरान कार स्कूटी को इतनी जोर से टक्कर मारती हुई निकल जाती है। वीडियो को देखने से पता चलता है कि लड़कियां सड़क पर अपनी लेन में नहीं चल रही थीं।

## मुंबई-पुणे दुनिया के सबसे धीमे ट्रैफिक वाले शीर्ष 5 शहरों में



**मुंबई:** देश भर के सभी प्रमुख शहरों में भीड़भाड़ बेतहाशा बढ़ गई है। बढ़ते शहरीकरण के साथ-साथ ट्रैफिक जाम की समस्या भी तेजी से बढ़ी है। बड़े शहरों में महज कुछ किलोमीटर की यात्रा के कारण कई घंटों का ट्रैफिक जाम लग सकता है। इससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के बड़े शहरों में रहने वाले नागरिकों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का समय बढ़ने से देश की समग्र उत्पादकता घटने और नागरिकों का मानसिक तनाव बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। टीओएमएस ट्रैफिक इंडेक्स 2024 के मुताबिक, दुनिया के 76 फीसदी शहरों में पिछले साल औसत ट्रैफिक स्पीड में कमी देखी गई है।

# लोअर परेल इलाके में एक मॉडल के घर पर 15 लाख रुपये की चोरी



**मुंबई :** लोअर परेल इलाके में एक मॉडल के घर से 10 लाख रुपये नकदी समेत गहनों और कीमती समान को मिलाकर 15.30 लाख की चोरी हो गई। मॉडल लोअर परेल के पॉश इंडिया बुल्स स्काई फॉरेस्ट अपार्टमेंट में रहती हैं। एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मॉडल निकिता नील ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मॉडल की शिकायत के बाद पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस के मुताबिक यह चोरी हुई थी मॉडल घर पर नहीं थीं। वे घटना के समय अपने होम टाउन कर्नाटक में थीं। मॉडल 12 दिसंबर को अपने छोटे भाई अंकित के साथ कर्नाटक के हुबली स्थित अपने घर गई थीं, वे 9 जनवरी को रात 9 बजे मुंबई लौटीं। सुबह जब उन्होंने अपनी अमलारी देखी तो उन्हें पता चला कि अलमारी से रुपये और गहने गायब हैं। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। सुरक्षा गार्डो और सीसीटीवी कैमरा होने के बाद भी यह घटना हो गई। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी मॉडल या अभिनेत्री के घर चोरी हुई। इससे पहले शिल्पा शेट्टी, सोनम कपूर काजोल, सुष्मिता सेन, पूनम ढिल्लन जैसी मशहूर अभिनेत्रियों के घर भी चोरी हो चुकी है। बॉलीवुड अभिनेता भी इससे नहीं छूटे, सैफ अली खान और अमिताभ बच्चन के साथ भी चोरी की घटना हो चुकी है।

# निर्माण स्थलों के लिए 28-सूत्रीय धूल शमन दिशानिर्देश...

## डस्ट सक्शन वैन शुरू करने की योजना बना रही है बीएमसी



**मुंबई :** बीएमसी ने मोबाइल डस्ट सक्शन वैन खरीदने का फैसला किया है, जिन्हें निर्माण की धूल से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए हर वार्ड में तैनात किया जाएगा. महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, निर्माण की धूल मुंबई के वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो कुल प्रदूषण का लगभग 28-30 प्रतिशत है. इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, बीएमसी ने निर्माण स्थलों के लिए 28-सूत्रीय धूल शमन दिशानिर्देश लागू किया है. अब, बीएमसी डस्ट सक्शन वैन शुरू करने की योजना बना रही है. एक नागरिक अधिकारी ने कहा, ''इन्हें हर वार्ड में तैनात किया जाएगा. हम वर्तमान में इन मशीनों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कर रहे हैं. प्रत्येक मशीन की अनुमानित लागत 40 लाख रुपये है.'' अधिकारियों ने बेस्ट बसों में डस्ट सक्शन यूनिट जोड़ने पर भी विचार किया. अधिकारी ने कहा, ''हम हर वार्ड में धूल की गंभीर समस्या वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देंगे और ये मशीनें वार्ड के विभिन्न हिस्सों में घूमेंगी.'' इन वाहनों में स्थापित धूल संग्रह प्रणाली एकल-चरण वैक्यूम इकाई के रूप में काम करती है. यह सक्शन बनाता है, वायु निस्पंदन करता है और एकत्रित धूल को एक कंटेनर में जमा करता है. छोटे कणों को फंसाने के लिए हवा को एक फिल्टर के माध्यम से फिर से प्रसारित किया जाता है. इसके अतिरिक्त, बीएमसी ने 191 साइटों पर निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है जो धूल शमन दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहे. दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्माण स्थलों को निमार्णाधीन इमारतों को चारों तरफ से हरे कपड़े, जूट या तिरपाल से घेरना चाहिए. निर्माण परियोजना के चारों ओर 25 फुट ऊंची चादर या धातु का आवरण होना आवश्यक है, साथ ही नियमित रूप से पानी का छिड़काव, धुंध संयंत्रों का उपयोग, मलबे का वैज्ञानिक भंडारण और परिवहन, वायु गुणवत्ता निगरानी सेंसर और वाहन के पहिये धोने की सुविधा भी होनी चाहिए.

# साकीनाका : 70 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** साकीनाका पुलिस ने चिटफंड घोटाले में दो भाइयों से करीब 70 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की पहचान उमर सैय्यद और उसके दो बेटों तुफेल सैय्यद और दानिश सैय्यद के रूप में हुई है। मामला 7 जनवरी को दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, साकीनाका के चंदीवली निवासी 61 वर्षीय नरिंदरसिंह कोहली वित्तीय परामर्श व्यवसाय चलाते हैं। कुछ साल पहले, उन्होंने प्रॉपर्टी एजेंट उमर सैय्यद की सहायता से पवई में एक होटल की जगह किराए पर ली थी। उमर के अक्सर होटल में आने से दोनों की जान-पहचान हुई। हालांकि, कोहली को कोविड-19 महामारी के दौरान होटल बंद करना पड़ा। जनवरी 2023 में, उमर ने कोहली से संपर्क किया और गारंटीड रिटर्न वाली एक निवेश योजना का प्रस्ताव रखा।

उमर ने बताया कि उसने 20 सदस्यों के साथ एक चिटफंड (जिसे भिसी कहा जाता है) शुरू किया था और कोहली को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ का वादा करते हुए इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। कोहली, जो 2025 में अपने बेटे की शादी के लिए बचत कर रहे थे, ने इस योजना में निवेश करने का फैसला किया। उन्होंने अपने भाई गुरमीत सिंह




कोहली को भी इस योजना के बारे में बताया। चर्चा के बाद, दोनों भाई उमर से मिले, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि यदि वे चिट फंड में प्रति माह 1.5 लाख रुपये जमा करते हैं, तो उन्हें 20 महीने बाद 30 लाख रुपये मिलेंगे। कोहली ने प्रति माह 1.5 लाख रुपये का निवेश करना शुरू कर दिया। हालांकि, जब सितंबर 2024 में भुगतान का समय आया, तो उमर ने दावा किया कि अन्य सदस्यों ने अपना योगदान जमा नहीं किया है। इसके बाद, उमर और उनके बेटों, तुफेल और दानिश ने चिट फंड व्यवसाय बंद कर दिया। इससे पहले नवंबर 2023 में, उमर ने कोहली को 16 सदस्यों वाले एक अन्य चिट फंड में निवेश करने के लिए राजी किया।

भाइयों ने दो सदस्यों की ओर से प्रति माह 2 लाख रुपये का भुगतान किया। हालांकि, जब भुगतान प्राप्त करने की बारी आई, तो उमर विफल हो गए। उन्होंने योगदान न करने के लिए अन्य सदस्यों को दोषी ठहराया और भुगतान करने से इनकार कर दिया। भाइयों को शांत करने के प्रयास में, उमर ने अपनी फॉर्च्यूनर लीजेंडर कार सौंप दी, व्हाट्सएप के माध्यम से समझौते और नोटरीकृत दस्तावेजों को साझा किया। हालांकि, कार पर बैंक की किश्तें लंबित थीं, जिन्हें उमर ने चुकाने का वादा किया था, लेकिन नहीं चुकाया। इसके अलावा, वह चिट फंड में निवेश किए गए पैसे वापस करने में विफल रहा।

अप्रैल 2023 से सितंबर 2024 तक, उमर ने अपने बेटों के साथ मिलकर भाइयों को उच्च रिटर्न के वादे के साथ चिट फंड में निवेश करने के लिए लुभाया। भाइयों से 69,90,040 रुपये की ठगी की गई, जिसमें 22,84,250 रुपये ऑनलाइन भुगतान और 47,05,790 रुपये नकद शामिल थे। धोखाधड़ी का एहसास होने पर, कोहली ने साकीनाका पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 3 (5) (सामान्य स्पष्टीकरण), 316 (2) (आपराधिक विश्वासघात) और 318 (4) (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया।

## मुंबई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचेंगे। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी इस दौरे पर महायुति के विधायकों की क्लास लेंगे। भाजपा से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि भाजपा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के कुछ विधायकों के बर्ताव से काफी नाराज है। इस दौरे पर पीएम मोदी उन्हें आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों के बारे में निर्देश देंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, ''प्रधानमंत्री विधायकों को महायुति के विचारों को लोगों तक पहुंचाने और लोगों से बातचीत करने के तरीके बताएंगे। पीएम मोदी उन्हें यह बताएंगे कि सार्वजनिक जगहों पर कैसा व्यवहार करना चाहिए।'' इस दौरे से पहले महायुति गठबंधन के 230 से अधिक विधानसभा के सदस्यों और 40 से अधिक विधान परिषद के सदस्यों को बुधवार सुबह विधान भवन में इकट्ठा होने का निर्देश दिया गया है।

## काम दिलाने के नाम पर नाबालिग से रेप, आरोपी को पुलिस ने नवी मुंबई इलाके से किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मानखुर्द पुलिस स्टेशन में नाबालिग बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है. पुलिस ने बच्ची की मां के बयान के आधार पर आरोपी सागर लक्ष्मण कापसेकर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया.



**पीड़िता ने अपनी मां को बताई आपबीती**

मानखुर्द पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी काम दिलाने के नाम पर अपने साथ लेकर आया और धमका कर नाबालिग लड़की के साथ कई बार रेप किया,अगले दिन लड़की जब अपने घर आई तो उसने पूरी घटना के बारे में अपनी मां को बताई, जिसके बाद नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंच शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर मामला दर्ज किया. आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गया था. आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपना मोबाइल नंबर बदल रहा था, पुलिस टेक्निकल के आधार पर आरोपी को नवी मुंबई के घणसोली गांव से गिरफ्तार किया है.

**मुंबई के चेंबूर में नाबालिग से रेप कर बनाया वीडियो**

बीते दिनों मुंबई के चेंबूर इलाके से एक ऐसी वारदात सामने आई, जिसने सबके होश उड़ा दिए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां 15 साल की नाबालिग से रेप किया गया. यही नहीं आरोपी ने रेप करने का वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया. मुंबई की फ़उ.ऋ पुलिस स्टेशन ने पीड़ित नाबालिग की मां के बयान के आधार पर आरोपी संदीप मोते के खिलाफ FIR दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने पहले पीड़ित नाबालिग को कपड़े दिलाने के लिए बहाने चेंबूर स्टेशन बुलाया. इसके बाद जब नाबालिग वहां पहुंची तो उसे अपनी एक दोस्त के घर ले गया और पीने का पानी में नशीला पदार्थों मिलाकर नाबालिग को पिला दिया उसके बाद वारदात को अंजाम दिया.

## मुंबई-पुणे दुनिया के सबसे धीमे ट्रैफिक वाले शीर्ष 5 शहरों में...

**मुंबई:** देश भर के सभी प्रमुख शहरों में भीड़भाड़ बेतहाशा बढ़ गई है। बढ़ते शहरीकरण के साथ-साथ ट्रैफिक जाम की समस्या भी तेजी से बढ़ी है। बड़े शहरों में महज कुछ किलोमीटर की यात्रा के कारण कई घंटों का ट्रैफिक जाम लग सकता है। इससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के बड़े शहरों में रहने वाले नागरिकों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का समय बढ़ने से देश की समग्र उत्पादकता घटने और नागरिकों का मानसिक तनाव बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं।

टीओएमएस ट्रैफिक इंडेक्स 2024 के मुताबिक, दुनिया के 76 फीसदी शहरों में पिछले साल औसत ट्रैफिक स्पीड में कमी देखी गई है। सड़क संरचना में राजमार्ग, मुख्य सड़कें, संकरी सड़कें, सिंगल कैरिजवे और जंक्शन शामिल हैं जहां दो या दो से अधिक सड़कें मिलती हैं। यदि ऐसी सड़कों पर कुछ अप्रत्याशित घटनाएं घटती हैं तो यातायात बाधित हो जाता है और यातायात धीमा हो जाता है।

## राज्य रक्त आधान परिषद ने दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करने पर लगी अस्थायी रोक हटा ली



**मुंबई :** राज्य रक्त आधान परिषद ने आखिरकार 31 जनवरी 2025 तक रक्त और रक्त घटकों को दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करने पर लगी अस्थायी रोक हटा ली है। हालांकि, राज्य रक्त आधान परिषद ने रक्त बैंकों को यह भी सलाह दी है कि वे प्रतिबंध हटाने और रक्त स्टॉक को दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आसपास के क्षेत्रों और जिलों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध है। दिवाली की छुट्टियों और उसके बाद विधानसभा चुनावों के कारण राज्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन में कमी आई। नतीजतन, नवंबर में राज्य में मरीजों के लिए चार से पांच दिनों के लिए ही पर्याप्त रक्त बचा था।

मरीजों के परिजनों ने ब्लड बैंकों से रक्त न मिलने की कई शिकायतें राज्य रक्त आधान परिषद से की थीं। इस बीच, यह बात सामने आई कि राज्य के कुछ ब्लड बैंक अपने अतिरिक्त रक्त और रक्त घटकों को बड़ी मात्रा में मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में बेच रहे हैं। राज्य में रक्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, राज्य रक्त आधान परिषद ने 31 जनवरी, 2025 तक अन्य राज्यों में रक्त और रक्त घटकों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, दिवाली के बाद, राज्य में बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए थे। नतीजतन, दिसंबर के अंत तक राज्य के ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध था। अतिरिक्त रक्त को बर्बाद होने से बचाने के लिए, राज्य के ब्लड बैंकों ने परिषद से अंतरराज्यीय रक्त हस्तांतरण की अनुमति देने का अनुरोध किया था। ब्लड बैंकों ने परिषद को उनके पास उपलब्ध अतिरिक्त रक्त और रक्त घटकों का विवरण प्रस्तुत किया था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com